संक्षिप्त

मकान से जेवरात व नकदी चोरी

उदयपुर,(कासं)। पहाड़ा थाना क्षेत्र आडीवली गांव में स्थित पीडित के सूने मकान से चोर साने चांदी के जेवरात व नकदी चुरा ले गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित चिराग लबाना पुत्र डायालाल निवासी आडीवली पहाडा ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि गत दिनों अज्ञात चोर मेरे सूने मकान का ताला तोड़ कर सोने की चेन, चार सिक्के, चांदी की पायल, कंदोरा एवं करीब 25 हजार रूपये नकदी चुरा ले गए। मैं अहमदाबाद में नौकरी करता हूं तथा गांव के मकान में मेरी मां रहती है। जिसकी गत दिनों तबीयत खराब होने पर उपचार कराने के लिए 20 दिसंबर को अहमदाबाद ले गया था। वहां से लौटा तो मकान का ताला टूटा हुआ एवं कमरों में सामान बिखरा पडा था एवं तलाशी ली तो सोने व चांदी के जेवरात तथा नकदी गायब थी। इस पर शंका के आधार पर सरेरा पहाड़ा निवासी गंगा व सुनील के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। इससे पूर्व आरोपियों ने चोरी की थी।

प्राणघातक हमले में युवक घायल

उदयपुर,(कासं)। शहर के हिरणमगरी थाना क्षैत्र में बदमाश तलवार, लठ्ठ से हमला कर युवक को घायल कर फरार हो गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरूवार रात में अज्ञात हमलावर तलवार, लठ्ठ व स्टीक से हिरणमगरी निवासी निखिल मैनारिया पर प्राणघातक हमला कर फरार हो गए। निखिल जिम ट्रेनिंग कर बाहर निकला था। इस दौरान आए अज्ञात हमलावर उस पर ताबडतोड़ हमला कर फरार हो गए। मौके पर अचेतावस्था में देख लोगों ने पुलिस एवं परिजनोंको सूचना कर घायल निखिल को एमबी चिकित्सालय में भर्ती करवाया। पुलिस ने पीडित की बहन पूर्णिमा मैनारिया की रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। प्रारंभिक जांच में पता चला कि निखिल जयपुर में आईटी कंपनी में काम करता है तथा गत दिनों उदयपुर आया था। निखिल के मकान के बाहर सड़क पर बनाए रैम्प को लेकर पड़ोसियों से विवाद होकर रजिश चल रही थी। इसी के चलते पड़ोसियों द्वारा हमला करने की संभावना जताई जा रही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

अवैध साल्वेंट जब्त, एक गिरफ्तार

उदयपुर,(कासं)। टीडी थाना पुलिस ने कार्यवाही करते हुए ड्रमों में भरा अवैध 1680 लीटर अवैध साल्वेंट जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल स्वरूप मेवाड़ा के सुपरविजन में पुलिस उपाधीक्षक गोपाल चंदेल के नेतृत्व में गिर्वा कार्यालय स्टाम्प एएएसआई त्रिलोकनाथ, कांस्टेबल भीमसिंह, हरलाल, प्रदीपसिंह तथा कुशाल, टीडी थाने के हेडकांस्टेबल जितेन्द्र कुमार, कांस्टेबल चिराग मय टीम अवैध कारोबार करने वालों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए 1 जनवरी को टीडी क्षैत्र में बायो डीजल के खिलाफ कार्यवाही की गई थी। मुखबीर से मिली सूचना के आधार पर एनएच 48 किनारे पाटिया गांव स्थित मातेश्वरी होटल के पिछे मुकेश पुत्र जगदीश वैष्णव निवासी तासोल राजसमन्द द्वारा टेंकरों से पेट्रोलियम खरीद कर भण्डारण कर बेचने की सूचना टीम मौके पर पहुंची।जहां पुलिस को देख गोदाम छोड कर भाग रहे मुकेश वैष्णव को पकड कर तलाशी ली तो गोदाम में अवेध सॉल्वेंट केमिकल का भण्डारण करना पाया गया। इस पर जिला रसद अधिकारी कार्यालय से प्रवर्तन निरीक्षक हिमानीसिंह सोलंकी, आईओसी से धमेन्द्र मौके पर पहुंचे। जहां सेम्पलिंग कर मौके से 8 ड्रमों में भरा 1680 लीटर सॉल्वेंट केमिकल जब्त कर मुकेश को गिरफ्तार कर प्रकरण दर्ज किया।

ई-मित्र संचालक की मौत

उदयपुर,(कासं)। उदयपुर शहर के धानमण्डी थानाक्षैत्र में ईमित्र संचालक की सीढियों से गिरने से मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार कार भोईवाड़ा निवासी सागर (30) पुत्र चन्द्रप्रकाश सालवी की गुरूवार रात में सीढियों से गिरने से मौत हो गई। सागर ईमित्र का संचालन करता था एवं रात में मकान की सिढ़ियों से फिसलने पर निचे गिर पड़ा। इसको देख परिजन उसे गंभीर घायल अवस्था में एमबी चिकित्साल ले गए। जहां उसकी मौत हो गई।इस पर शुक्रवार को धानमण्डी थाना एएसआई बीहारीलाल ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

एसबीपी कॉलेज में प्रदर्शन

डूंगरपुर। जिले के एसबीपी कॉलेज में शुक्रवार को इंटरनल परीक्षा से वंचित छात्र.छात्राओं ने प्रदर्शन किया। छात्रों ने कॉलेज के गेट पर ताला जड दिया और धरना दिया। यह प्रदर्शन भील प्रदेश मुक्ति मोर्चा के बैनर तले हुआ। छात्रों ने कॉलेज प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की और दोबारा परीक्षा आयोजित करवाने की मांग रखी।

कॉलेज के छात्र संघ अध्यक्ष तुषार परमार ने बताया कि कई छात्र दूर-दराज के इलाकों में रहते हैं। वे आर्थिक स्थिति सुधारने और मजदूरी करने के लिए बाहर गए हुए थे। इस दौरान कॉलेज प्रशासन ने इंटरनल परीक्षाएं आयोजित करवा दींए जिसकी जानकारी इन छात्रों को समय पर नहीं मिल पाई। सूचना के अभाव में कई छात्र परीक्षा देने से वंचित रह गए। इस मामले पर कॉलेज प्राचार्य ने पहले कहां था कि कॉलेज में 4 दिसंबर से ही इंटरनल परीक्षाएं शुरू हो गई थीं। छात्रों को इसकी सूचना कई बार दी गई थी, लेकिन इसके बावजूद वे परीक्षा देने नहीं पहुंचे। काफी देर तक चले धरने और प्रदर्शन के बाद कॉलेज प्रशासन और छात्र प्रतिनिधियों के बीच बातचीत हुई। वार्ता में निर्णय लिया कि वंचित छात्रों के लिए अगले 2 दिनों के भीतर इंटरनल परीक्षा दोबारा करवाए जाएंगे। इस फैसले के बाद छात्रों ने अपना धरना समाप्त कर दिया।

कोई भी किसान फार्मर रजिस्ट्री से वंचित नहीं रहे : कलक्टर

राजसमंद । जिला कलक्टर अरुण कुमार हसीजा ने शुक्रवार को जिला स्तरीय बैठक लेकर फ्लैगशिप योजनाओं, पंचायतीराज चुनाव, एसआईआर-2026 तथा फ र्मर रजिस्ट्री की समीक्षा की। बैठक में एडीएम नरेश बुनकर, जिला परिषद सीईओ बृजमोहन बैरवा सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी कलेक्ट्रेट बैठक कक्ष में उपस्थित रहे, जबकि समस्त एसडीएमए तहसीलदार एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रें स के माध्यम से जुडे।

2 से 17 जनवरी तक प्रशासन के अभियान किसान अधिकार पंजीकरण

■ अधिकारी अपने इंस्पेक्शन की रिपोर्ट भी सम्पर्क पोर्टल पर अपलोड करें

फ्लैगशिप योजनाओं, पंचायतीराज की योजनाओं की समीक्षा करते जिला कलक्टर अरूण कुमार हसीजा।

पखवाडा के तहत प्रत्येक राजस्व ग्राम में आयोजित हो रहे शिविरों की भी समीक्षा की गई। जिला कलक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि फार्मर रजिस्ट्री एग्रीस्ट्रेक को लेकर किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार्य नहीं है, क्योंकि यह प्रशासन का मूल दायित्व है। उन्होंने कहा कि डिजिटल क्रॉप सर्वे, इनपुट सब्सिडी सहित संबंधित कार्यों में किसी प्रकार का विलंब नहीं होना चाहिए। सभी अधिकारी लक्ष्य के साथ कार्य करें किसानों को प्रेरित करें तथा यह सुनिश्चित करें कि कोई भी किसान फार्मर रजिस्ट्री से वंचित न रहे। पटवारियों को किसानों से नियमित संवाद बनाए रखने और सहज व्यवहार रखने के निर्देश दिए।

सार-समाचार

जेठ ने बहू पर किया हमला

डूंगरपुर। रामसागडा थाना क्षेत्र के गामडी अहाडा धमलात फला गांव में पारिवारिक विवाद के चलते एक महिला पर उसके जेठ ने लोहे की रॉड से हमला कर दिया। हमले में गंभीर रूप से घायल महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया हैए जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस के अनुसार, धमलात फला निवासी बबली देवी अपने घर पर घरेलू काम कर रही थी। उस समय उनके पति मांगीलाल रोत ट्रैक्टर लेकर काम पर गए हुए थे। तभी बबली देवी के जेठ वासू ने अचानक लोहे की रॉड से उनके सिर पर हमला कर दिया। हमले के बाद बबली देवी के सिर से खून बहने लगा। आरोपी जेठ वासू घटना स्थल से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलने पर पति मांगीलाल रोत और परिवार के अन्य सदस्य मौके पर पहुंचे। उन्होंने गंभीर रूप से घायल बबली देवी को निजी वाहन से डूंगरपुर जिला अस्पताल पहुंचाया।

राजकार्य बाधा का मामला

उदयपुर,(कासं)। अम्बामाता थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ राजकार्य में बाधा करने का प्रकरण दर्ज किया।पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित सिघाड़ा सायरा हाल अम्बामाता पुलिस थाने में तैनात कांस्टेबल गोपालसिंह पुत्र फतहसिंह ने रामपुरा निवासी मुकेश खटीक के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि 31दिसंबर रात में नववर्ष की पूर्व संध्या पर सुरक्षा व्यवस्था के लिए रामपुरा चौराहे पर बेरिकेटिंग खाली कर रहा था। इस दौरान वहां अण्डे का थैला लगाने वाले मुकेश खटीक ने बेरिकेडिंग एतराज करते हुए मेरे साथ मारपीट कर फरार हो गया।

सिक्के व नकदी चोरी

उदयपुर,(कासं)। अम्बामाता थाना क्षैत्र नीमच खेड़ा में स्थित सूने मकान का चोर ताला तोड़ चोर सिक्के व जेवरात चुरा ले गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 30 दिसंबर को रेहाना पुत्री अब्दुल तैय्यब निवासी परशुराम कॉलोनी नहर के पास नीमचखेड़ा शिल्पठााम गई थी। वापस लौटी तो मकान का ताला टूटा एवं कमरों में सामान बिखरा पड़ा था। इस पर तलाशी ली तो चांदी के चार पांच सिक्के एवं 6-7 हजार रूपये नकदी गायब थी। पीडिता की पुत्री सिद्दिका ने पुलिस को सूचना कर प्रकरण दर्ज करवाया। जिसकी जांच फतहपुरा चौकी प्रभारी एएसआई किशनसिंह कर रहे है।

विधानसभा अध्यक्ष देवनानी आज उदयपुर आएंगे

उदयपुर,(कासं)। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी शनिवार दोपहर 1 बजे वायुयान द्वारा उदयपुर आएंगे। उनके निर्धारित कार्यक्रम अनुसार वे दोपहर 1 बजे आरएनटी सभागार में आयोजित बार एसोसिएशन की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेंगे। उनका रात्रि विश्राम सर्किट हाउस उदयपुर में रहेगा।

गीतांजली मेडिकल कॉलेज में वर्चुअल डिसेक्शन टेबल का उद्घाटन

उदयपुर में गीतांजली मेडिकल कॉलेज में वर्चुअल डिसेक्शन टेबल का उद्घाटन किया।

उदयपुर, (कासं)। गीतांजली मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटलउदयपुर के एनाटॉमी विभाग में अत्याधुनिक वर्चुअल डिसेक्शन टेबल का शुभारंभ गीतांजली ग्रुप के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर अंकित अग्रवाल ने किया।

वर्चुअल डिसेक्शन टेबल एक अत्याधुनिक 3डी इंटरएक्टिव तकनीक है, जिसके माध्यम से मेडिकल छात्र मानव शरीर रचना को गहराई से समझ सकेंगे। यह नवीन तकनीक स्नातक (यूजी), स्नातकोत्तर (पीजी) छात्रों एवं सर्जिकल टीम के लिए शिक्षण अनुभव को और अधिक प्रभावी बनाएगी तथा मानव शरीर की संरचना को बेहतर तरीके से समझने में सहायक सिद्ध होगी। इस अवसर पर अंकित अग्रवाल ने कहा कि आधुनिक चिकित्सा शिक्षा में तकनीक का समावेश अत्यंत आवश्यक है। वर्चुअल डिसेक्शन टेबल एनाटॉमी विभाग के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जिससे विद्यार्थियों को हैंड्स-ऑन अनुभव प्राप्त होगा और मानव शरीर रचना की गहन व व्यावहारिक समझ विकसित होगी।

उदयपुर में 9 व सलूम्बर में 2 पशु अस्पतालों का होगा निर्माण

उदयपुर, (कासं)। उदयपुर और सलूंबर जिले सहित राजस्थान के 39 जिलों में 310 वेटनरी हॉस्पिटल के निर्माण के लिए राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) ने 137.18 करोड रुपए का ऋण स्वीकृत किया है। योजना में कुल 144.15 करोड रुपए खर्च होंगे। शेष राशि राज्य सरकार वहन करेगी। इनमें उदयपुर जिले में 9 और सलुम्बर जिले में 2 पशु चिकित्सालय का निर्माण होगा।

■ प्रत्येक पर करीब 46 लाख 50 हजार रुपये होंगे खर्च, 6 संस्थाओं में बनेगी चार दीवारी

संयुक्त निदेशक पशुपालन डॉ सुरेश कुमार जैन ने बताया कि यह परियोजना आरआईडीएफ-एक्सएक्सएक्सआई के तहत लागू की जा रही है और इसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में पशु चिकित्सा सेवाओं को मजबुत करना, पशुओं के स्वास्थ्य और उत्पादन में सुधार लाना तथा किसानों को बेहतर पशु स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। अभी इन जगहों पर अस्थाई रूप से ही अस्पताल संचालित है।

उदयपुर जिले में परियोजना के तहत 9 हॉस्पिटल्स का निर्माण प्रमुख स्थानों पर किया जाएगा। इनमें एक पशु अस्पताल पंचायत समिति झाडोल के ग्राम पंचायत गोराणा में एवं एक पंचायत समिति फलासिया के गॉव ग्राम पंचायत पानरवा, दो अस्पताल पंचायत समिति मावली के फलिचडा, साकरिया खेडी, तीन अस्पताल पंचायत समिति गिर्वा के बारापाल, पाटीया, एवं डोडावली, एक अस्पताल वल्लभनगर के भटेवर, एक अस्पताल पंचायत समिति कुराबड के वली में बनेगा। पशु चिकित्सालय के निर्माण में 46.50 लाख रूपये खर्च होंगे।

इसमें तीन किस्तों में 44.17 लाख रूपए आरआईडीएफ के तहत मिलेंगें और 2.33 लाख रूपये राज्य सरकार वहन करेगी। कुल मिलाकर उदयपुर में वेटरनरी हॉस्पिटल्स की यह परियोजना ग्रामीण पशु पालकों के लिए एक बडी राहत साबित होगी और राज्य के पशु स्वास्थ्य ढांचे को आधुनिक बनाने में अहम भूमिका निभाएगें। इसी प्रकार सलुम्बर जिले में पशु चिकित्सालय झल्लारा एवं पशु चिकित्सालय बनोडा के लिए 44.17 लाख रूपये खर्च होंगे। संयुक्त निदेशक डॉ. जैन ने बताया कि परियोजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण किसानों और पशुपालकों को आधुनिक वेटरनरी सुविधाएं प्रदान करना है। इससे पशुओं के इलाज में तेजी आएगी, पशु रोग नियंत्रण आसान होगा और मवेशियों की सेहत बेहतर होगी।

लंबे समय से इससे डेयरी, मांस उत्पादन और ग्रामीण अर्थव्यवस्था में भी सुधार होगा। इस परियोजना के क्रियान्वयन से ग्रामीण इलाकों के पशुपालकों को अस्पताल खुलने से लोगों को काफी राहत एवं फायदा होगा। जिले की विभिन्न विभागीय कार्यालय/संस्थाओं में चार दीवारी/मरम्मत कार्यों के लिए भीराशि आवंटित की गई। इसमें जिला उदयपुर में पशु चिकित्सालय, चित्तौड़ा-नयागांव, मावली, घासा, ईसवाल, भीण्डर प्रत्येक के लिए 8 लाख रूपये एवं बडगांव (मावली) के लिए 7.96 लाख स्वीकृत किए गए हैं।

शिविर लगाया

डूंगरपुर। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण,जयपुर के एक्शन प्लान 2025-26 की अनुपालना में तथा माननीय अध्यक्ष एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, डूंगरपुर के निर्देशानुसार शुक्रवार को ग्राम पंचायत बिछीवाडा के सामीतेड एवं तिराहा पर विशेष विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। अधिकार मित्र भूरीलाल लबाना द्वारा आयोजित इस शिविर में ग्रामीणों को भारतीय संविधान द्वारा प्रदत्त मौलिक अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया गया। शिविर के दौरान मौलिक अधिकाररू समानता का अधिकार, स्वतंत्रता, शोषण के विरुद्ध अधिकार, धार्मिक स्वतंत्रता और शिक्षा के अधिकार के बारे में विस्तार से बताया गया।

Name Changed
I Have Changed My Name From Nishrin to Nishrin Juzar Ali For A ll Purposes. In Future be Called and Known by New Name. R/o Bohrawadi, Bhinder, Udaipur, Raj.

Name Changed
I Have Changed My Name From Zarrin Raja to Zarrin Ali Asgar Khilonawala For All Purposes. In Future be Called and Known by New Name. R/o 12, Mulla Ji Ka Chok, Dholibawdi, Udaipur, Raj.

हनुमानजी के विभिन्न रूपों के दर्शन का अनुभव कर रोमांचित हुए श्रद्धालु

उदयपुर। मीरा नगर के विशाल प्रांगण में कृष्णगिरी पीठाधीश्वर जगद्गुरु पूज्यपाद श्री वसंत विजयनंदगिरी जी महाराज की पावन निश्रा में चल रहा श्री महालक्ष्मी कोटि कुंकुमार्चन यज्ञ, साधना पूजा महोत्सव चरम पर है।दिनोंदिन यहां भक्तों की भीड बढ़ती जा रही है। महोत्सव आयोजन समिति के अध्यक्ष नानालाल बया, महामंत्री देवेन्द्र मेहता ने बताया कि महोत्सव के पंचम दिवस गुरुवार को श्री एकलिंगनाथ शिव पुराण कथा में पूज्यपाद जगद्गुरु श्री वसंत विजयानन्द गिरी जी महाराज ने त्रिशिरा, वृत्रासुर, इंद्र प्रसंग का वर्णन किया।

गुरुदेव के श्रीमुख से पौराणिक प्रसंगों, रहस्यों को सुनकर श्रद्धालु कभी भावुक होते हैं, कभी आनन्दित होते हैं तो कभी रोमांच से भर जाते हैं। कथा में गुरुदेव ने कहा कि त्रिशिरा और वृत्रासुर दोनों भाई थे। त्रिशिरा के उत्पात से देव भी दुखी थे। इंद्र से गुहार लगाई तो इंद्र ने वठा का एक प्रहार किया और त्रिशिरा की जीवन लीला समाप्त कर दी। अपने भाई की मृत्यु से दुखी और आक्रोशित वृत्रासुर ने इंद्र से बदला लेने की ठानी। आमना सामना हुआ तो इंद्र भी उसे डिगा नहीं पा रहे थे। क्योंकि वृतासुर को वरदान था न दिन में मारा जाऊं न रात में, न पाषाण से न शस्त्र से, न आकाश में मारा जाऊं न जल में। परेशान इंद्र प्रभु नारायण की शरण में गये। व्यथा बताई तो नारायण ने वर दिया जल से न मरे तो न सही तुम इसे समुद्र के झाग से ही मार सकोगे। इंद्र ने समुद्र कके झाग से वृतासुर का अंत कर दिया। लेकिन वृत्रासुर गुणों से असुर किंतु देवांश था। इंद्र को ब्रह्म हत्या का पाप लगा। इंद्र की समस्त शक्तियां क्षीण हो गई। पुन: नारायण की शरण पहुंचे। नारायण ने कहा तुम्हें ब्रह्मांड की कोई शक्ति नहीं बचा सकती सिवाय प्रभु एकलिंगनाथ जी की तपस्या से। तब इंद्र ने मेदपाट में विराजित सर्वशक्ति पुंज एकलिंगनाथ जी की कठोर तपस्या की। इंद्र की तपस्या से प्रसन्न होकर शिवजी ने प्रकट हुए। उन्होंने इंद्र को ब्रह्म हत्या के पाप से मुक्ति का आशीर्वाद दिया। ऐसी है दिव्यज्योति एकलिंगजी और मेदपाट की महिमा, जो अपरंपार है। गुरुदेव ने कहा प्रभु कृपा पैसे से नहीं खरीद सकते, साधना, सच्ची भक्ति से ही यह प्राप्त करना संभव है।

31 दिसंबर की कथा में पूज्यपाद श्री वसंत विजयानंद गिरी महाराज ने घोषणा की थी कि नए वर्ष के पहले दिन की कथा में पांडाल में उपस्थित भक्तों को हनुमानजी के विभिन्न रूपों के साक्षात दर्शन का अनुभव कराएंगे। यह जानकर श्रद्धालु हैरान थे और ऐसे अवसर का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। आखिर वह क्षण आया। गुरुदेव ने कथा के मध्य सभी श्रद्धालुओं को सहज ध्यान में बैठाया।

कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

डूंगरपुर। जिले में पंचायतीराज पुनर्गठन के बाद वार्डों के गठन को लेकर ग्रामीणों की आपत्तियां सामने आ रही हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को पाडवा पंचायत समिति के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत ओड, गामडा चारणिया और नवाघरा के ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने पंचायत समिति वार्ड गठन में संशोधन की मांग की है।

ग्रामीणों ने बताया कि पाडवा पंचायत समिति के वार्डों का गठन किया गया है, जिसमें निर्वाचन क्षेत्र संख्या 9 में ग्राम पंचायत ओड के साथ गामडा चारणिया ग्राम पंचायत को जोडा गया है। ग्रामीणों का तर्क है कि यह भौगोलिक दृष्टि से सही नहीं है। ग्रामीणों के अनुसार, गामडा चारणिया के सबसे नजदीक निर्वाचन क्षेत्र संख्या 8 की ग्राम पंचायत नवाघरा पडती है,जबकि ओड वार्ड दूर है। उन्होंने प्रशासन से गुहार लगाई है कि यदि गामडा चारणिया को ओड की बजाय नवाघरा में जोडा जाता है,तो इससे जनता को काफी सहूलियत होगी।

गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया जाएगा

डूंगरपुर जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को गणतंत्र दिवस आयोजन को लेकर बैठक आयोजित की गई।

जिला परिषद के ईडीपी सभागार में आयोजित बैठक में जिला स्तर पर आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह को लेकर विभिन्न विभागों के दायित्वों का निर्धारण करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए गए। जिला कलक्टर सिंह ने स्थानीय लक्ष्मण मैदान में आयोजित होने वाले मुख्य समारोह में झंडारोहण, मंच व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, मार्च पास्ट, परेड, व्यायाम प्रदर्शन में भाग लेने वाले प्रतिभागियों की संख्या, सांस्कृतिक आयोजन, 20 जनवरी तक पुरूस्कार हेतु आवेदन नियमानुसार प्राप्त होने, पुरस्कार वितरण, मैदान की साफ-सफाई, माइक टेंट, पार्किंग, विभिन्न विभागों द्वारा बनाई जाने वाली झांकियां,चल शौचालय, सुरक्षा व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था सहित समस्त आवश्यक व्यवस्थाओं की बिंदुवार समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश प्रदान किये। उन्होंने पूर्व संध्या पर आयोजित किए जाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा की भी जानकारी ली तथा पूर्व में आयोजित कार्यक्रमों की उत्कृष्टता की सराहना करते हुए ओर बेहतर प्रस्तुतियों के निर्देश दिए।

कार्यालय उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर (राज.)

क्रमांक: F.7( )B.PLAN(MISC/2025-26/2105 **आम सूचना** दिनांक : 2/1/2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य सरकार के द्वारा दिनांक 14-10-2024 को विकास प्रोत्साहन एवं नियंत्रण उपविधियां (Development Promotion & Control Regulations) हेतु जारी अधिसूचना एवं इसकी निरन्तरता में समय-समय पर जारी आदेशों/परिपत्रों/अधिसूचनाओं आदि की अनुपालना मे निम्नलिखित प्रकरण भू-उपयोग परिवर्तन बाबत् विचाराधीन है:-

क्र. सं.	आवेदक का नाम	राजस्व ग्राम/ योजना	खसरा संख्या /ब्लॉक संख्या	भूखण्ड संख्या	क्षेत्रफल	भूखण्ड / भूमि की स्थिति	भू-उपयोग परिवर्तन
1	श्री मनोहर सिंह पिता श्री जवान सिंह राजपुत	दक्षिण विस्तार योजना	ब्लॉक-डी	599	12800.00 वर्गफीट	दक्षिण विस्तार योजना के ब्लॉक-डी में प्रस्तावित 100 फीट सड़क पर स्थित है।	आवासीय उपयोग से वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ

उक्त प्रकरण के भू-उपयोग परिवर्तन के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्राधिकरण कार्यालय में इस सूचना जारी होने की तिथि से 15 दिवस में किसी भी कार्य दिवस में निम्नहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत कर सकते है। इस समयावधि में कोई आपत्ति प्राप्त नही होने पर भू-उपयोग परिवर्तन बाबत अग्रिम कार्यवाही की जायेगी। **सचिव, उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर**

कार्यालय नगरपालिका नाथद्वारा, जिला-राजसमन्द (राज.)

Email:np_ntd@yahoo.in Phone:- 02953-233526

क्रमांक /न.पा.नाथ/नामा./2025/14311 दिनांक : 12.11.2025

- : आपत्ती सूचना :-

एतर्थ द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुदा/पट्टा शुदा के आधार पर भूखण्डों का नामान्तरण/नाम हस्तान्तरण का स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पत्ति पर नामान्तरण/नाम हस्तान्तरण कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोई आपत्ती हो तो 7 दिवस (कार्य दिवस) में नगरपालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणों में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी :-

क्र. सं.	आवेदक का नाम व पता	आवेदित सम्पत्ति कापता	पड़ौस का विवरण			
			पूर्व	पश्चिम	उत्तर	दक्षिण
1.	श्री अशोक कुमार वैष्णव पिता श्री सम्पत लाल वैष्णव निवासी-मण्डियाना नाथद्वारा	भूखण्ड संख्या-18 क्षैत्रफल-1031.13 वर्गफिट, गौशाला रोड, नाथुवास, नाथद्वारा जिला-राजसमंद	30 फिट रोड	अन्य कृषि भूमि	भूखण्ड संख्या-19	भूखण्ड संख्या-17

आयुक्त, नगरपालिका नाथद्वारा

पंचायत चुनाव में रोटेशन प्रणाली लागू कर सामान्य, ओबीसी व अनुसूचित जाति के सदस्यों को प्रतिनिधित्व दिया जाए

डूंगरपुर, (निसं)। समिति के प्रतिनिधिमंडल द्वारा जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री व राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि टीएसपी क्षेत्र में पंचायत चुनाव में रोटेशन प्रणाली लागू कर सामान्य, ओबीसी व अनुसूचित जाति के सदस्यों को भी प्रतिनिधित्व दिया जाए।

बताया कि उदयपुर संभाग के घोषित टीएसपी क्षेत्र में सामान्य, ओबीसी व अनुसूचित जाति के लोग निवास कर व्यापार,उद्योग,कृषि के साथ राजनीति में भी सक्रिय हैं तथा कई व्यक्ति आजादी के संघर्ष में स्वतंत्रता सेनानी भी रहे हैं। ज्ञापनों के साथ विभिन्न समाजों जैसे त्रिमेस ब्राह्मण समाज,पाटीदार समाज सागवाडा, गुजराती लेऊवा पाटीदार, प्रजापत समाज सागवाडा, दिगम्बर जैन समाज सागवाडा,विश्वकर्मा गुजराती मेवाडा सुथार समाज सागवाडा,राजपूत समाज सागवाडा,पंचाल समाज चौदह चौखला डूंगरपुर बांसवाडा,जडिया,श्रीमाल समाज डूंगरपुर सहस्त्र बडी औदिच्य ब्राहम्ण समाज भिलूडा आदि द्वारा भेजे गए ज्ञापनों की प्रतियां भी संलग्न की गई

समिति द्वारा मुख्यमंत्री व राज्यपाल के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते।

हैं। ज्ञातव्य है कि भारतीय संविधान में प्रत्येक व्यक्ति को चुनाव लडने का अधिकार दिया गया है,लेकिन टीएसपी क्षेत्र में पेसा कानून के तहत सभी सभी पद आरक्षित कर दिए गए हैं। जिससे सामान्य,ओबीसी व अनुसूचित जाति के व्यक्ति को चुनाव लडने से वंचित कर दिया गया है। यह भी आगे बताया गया कि क्षेत्र के कई गांवों में 90 प्रतिशत जनता इन वर्गों की निवास करती है। मांग की है कि जिन स्थानों पर सामान्य, ओबीसी व अनुसूचित वर्ग की 60 प्रतिशत से अधिक आबादी है वहां पंचायत चुनाव में आरक्षण हटा दिया जाना आवश्यक है जिससे सभी योग्य व्यक्ति चुनाव लड सकें। वह चाहे किसी भी वर्ग या जाति से हो। आशा की गई है कि राज्य सरकार सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाते हुए अति शीघ्र निर्णय लेगी। ज्ञापन देने वालों में जिला संरक्षक मनोज शर्मा,जिलाध्यक्ष दिनेश श्रीमाल,जिला महासचिव जगदीश वैष्णव, जिला सचिव पूर्णा शंकर त्रिवेदी, जिला कोषाध्यक्ष नागेंद्र चौबीसा, अमृतलाल यादव, गौरीशंकर जोशी, सागवाडा ब्लॉक अध्यक्ष विनोद कुमार पंड्या, ब्लॉक संरक्षक यशवंत जैन, बद्रीनारायण सुथार,अरविंद कुमार शाह, भिलूडा इकाई अध्यक्ष प्रभाशंकर पुरोहित, डायालाल व्यास,करणसिंह गेहूंवाडा सागवाडा नगर अध्यक्ष, के पी सिंह चौहान राजपूत समाज अध्यक्ष, ब्लॉक उपाध्यक्ष रामचंद्र जोशी, कपिल जोशी जेठाना, प्रेमशंकर पंड्या, रमेश पाटीदार वनोरी ,हरी शंकर भट्ट, मुकेश तिवारी,कनकमल भरडा, पूँजलाल प्रजापत अध्यक्ष प्रजापत चौखला सागवाडा आदि सम्मिलित रहे।

कार्यालय ग्राम पंचायत बडी उन्दरी, पंचायत समिति गिर्वा, जिला-उदयपुर

क्रमांक: निविदा/2025-26/40 दिनांक: 01.01.2025

-: खुली निविदा सूचना-02-03/2025-26 :-

कार्यालय ग्राम पंचायत द्वारा 1. रिटर्निंग वॉल निर्माण कार्य 2. सी.सी. निर्माण श्मशान घाट हेतु खुली-निविदाएं आमंत्रित कि जाती है अत: उक्त कार्य हेतु इच्छुक संवेदको/फर्मो से ऑनलाईन ई-निविदाएं दिनांक:- 09.01.2026 को प्रात:- 11.00 बजे तक ऑनलाईन ई-प्रोक्योमेंट पोर्टल पर आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण/जानकारी sppp.rajasthan.gov.in व eproc.rajathan.gov.in पर देखी जा सकती है।

UBN No ZUD2526WSOB03661
ZUD2526WSOB03663

प्रशासक, ग्राम पंचायत बडी उन्दरी, पं.स.गिर्वा, जिला-उदयपुर(राज.)

ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत बडी उन्दरी, पं.स.गिर्वा, जिला-उदयपुर(राज.)